-दिनांक 18-5-24 को पहाड़ी समुदाय के लोगों व पहाड की महिलाओ तथा उत्तराखण्ड वासियों के खिलाफ सोशल मीडिया पर अश्लील व अभ्रद टिप्पणी करने वाले अभियुक्त को घुटनो पर लायी दून पुलिस 25 हजार रू0 का इनामी अभियुक्त जतिन राणा उर्फ खाटू को आई0जी0आई0 एयरपोर्ट नई दिल्ली से पुलिस ने किया गिरफ्तार

थाना बसंत विहार

पहाड़ की महिलाओं तथा उत्तराखंड वासियों के खिलाफ सोशल मीडिया पर अश्लील एवं अभद्र टिप्पणी करने के संबंध में अभियुक्त जतिन राणा उर्फ खाटू के विरुद्ध वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक, देहरादून के आदेश पर कोतवाली नगर पर अंतर्गत धारा 505(2) आईपीसी का अभियोग पंजीकृत किया गया था। इसके अतिरिक्त अभियुक्त जतिन राणा उर्फ खाटू के विरुद्ध थाना बसंत विहार एवं थाना राजपुर में भी जानलेवा हमले, मारपीट, बलवा आदि से संबंधित अभियोग पंजीकृत थे, जिसमें अभियुक्त वांछित चल रहा था। उक्त सभी अभियोगों में पुलिस द्वारा अभियुक्त की तलाश हेतु लगातार उसके सभी सम्भावित ठिकानों पर दबिशे दी जा रही थी, पुलिस द्वारा लगातार दी जा रही दबिशों से घबराकर अपनी गिरफ्तारी से बचने के लिए अभियुक्त देश छोडकर बाहर भाग गया था। अभियुक्त के देश छोडकर भागने की सूचना पर वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक देहरादून द्वारा अभियुक्त के विरूद्व लुक आउट नोटिस जारी करवाते हुए अभियुक्त पर 25 हजार रू0 का ईनाम घोषित किया गया था। दिनांक 17 मई 24 डायरेक्टर इमीग्रेशन Boi Hqrts, East block, 8 Sector -1, RK puram, New Delhi द्वारा मेल के माध्यम से अभियुक्त जतिन राणा उर्फ खाटू के थाईलैण्ड से वापस भारत आने पर उसे डिटेन करने की सूचना देहरादून पुलिस को दी गई। सूचना प्राप्त होने पर एसएसपी देहरादून के आदेश पर तत्काल एक टीम को आई0जी0आई0 एयरपोर्ट नई दिल्ली रवाना किया गया तथा दिनांक 17 मई 2024 को 25 हजार रू0 के ईनामी अभियुक्त जतिन राणा उर्फ खाटू को आई0जी0आई0 एयरपोर्ट नई दिल्ली से गिरफ्तार किया गया।

नाम पता अभियुक्त :-

जतिन चौधरी उर्फ खाटू पुत्र बबीत चौधरी, निवासी ग्राम बहादुरपुर जट, थाना पथरी, जिला हरिद्वार, उम्र 21 वर्ष

अपराधिक इतिहास :-

(1) मु0अ0सं0- 186/23, धारा 34/120(बी)/148/ 307 /427/ 504/ 506 आईपीसी, थाना बसंत विहार

(2) मु0अ0सं0-304/23, धारा 307/ 504/ 506 /147 /148 आईपीसी, थाना रानीपुर, हरिद्वार

(3) मु0अ0सं0-300/23, धारा 307 /504/ 506 आईपीसी, थाना राजपुर, देहरादून

(4) मु0अ0सं0-180/24, धारा 505 (2)आईपीसी, थाना कोतवाली नगर,देहरादून

पुलिस टीम :-

(1) उ0नि0 महादेव प्रसाद उनियाल थानाध्यक्ष बसंत विहार

(2) उ0नि0 पंकज महिपाल

(3) का0 गौरव

(4) का0 अनुज

थाना बसन्त विहार
जनपद - देहरादून
थाना प्रभारी मो. 9411112824, 0135-2716222
मित्रता, सेवा, सुरक्षा
मित्रता, सेवा, सुरक्षा
POLICE
POLICE
EVERLAST